## विद्यार्थियों के खिले चेहरे

**चिड़ावा।** झुंझुनूं रोड़ स्थित एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने विद्यालय में आयोजित माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर की प्री बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन सुनील कुमार डांगी, डायरेक्टर समित डांगी, एचआर अजीज खान, प्रिंसिपल वंदना सिंह राठौड़, समस्त शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे। इसमें माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर की प्री बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में विज्ञान संकाय में अक्षिता तामरायत पुत्री योगेन्द्र तामडायत, गरिमा शेखावत पुत्री गुलाब सिंह, कृतिका पुत्री रोहिताश सैनी, दीक्षा किलानिया पुत्री दलीप किलानिया व कृषि संकाय में नवीन पुत्र राजेश कुमार, कशीश कुमावत पुत्री पवन कुमार, आशीष पुत्र सुनील कुमार व कला संकाय में नियति पुत्री संजय कुमार , वंशिका पुत्री मनोज कुमार, याशिका पुत्री महेंद्र कुमार सत्येन्द्र कुमार, प्रियांशी पुत्री नरेन्द्र सैनी, सुहानी पुत्री अशोक कुमार आदि प्रमुख हैं।

# जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक आयोजित

## 'भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ आमजन को मिले,

■ सांसद राहुल कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

चूरू,(कासं.)। सांसद राहुल कस्वां की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ आमजन को मिले, इसके लिए अधिकारी समुचित कार्ययोजना बनाकर काम करें। अधिकारी विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी रखें। जिले में योजनाओं के लक्ष्यों के साथ संभावनाओं व बेहतरी के लिए समर्पित रहकर काम करें। योजनाएं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर बनती हैंए इसलिए स्थानीयता के हिसाब से उनमें संभावनाएं तलाशें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की ब्रीफिंग तैयार करें, जिससे जिले में सारे महत्त्वपूर्ण मसलों से संबंधित एक दस्तावेज तैयार हो, जिससे सारे इश्यूष्ज को समुचित ढंग से सही मंच पर परश्यू किया जा सके। सांसद कस्वां ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को सम्पूर्ण जानकरी दी जाए। इसके लिए बैंक व कृषि विभाग के अधिकारी कैम्प लगाएं तथा जनप्रतिनिधियों से समुचित करते हुए किसानों को लाभान्वित करें। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी सरकार की योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। योजनाओं में क्रियान्वयन में समुचित पारदर्शिता सुनिश्चित करें और जनप्रतिनिधियों के उठाए बिंदुओं पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी विभागीय गतिविधियों की समुचित व नियमित मॉनीटरिंग करें और सरकार की मंशानुरूप सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम करें। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखते हुए विकास कार्यों को गति दें ताकि सरकार की मंशानुरूप आमजन को सुविधाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सजगता और सक्रियता के साथ काम करते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान करें। बैठक के दौरान सांसद कस्वां ने महानरेगा योजना में श्रमिकों को राज्य के औसत के समान पारिश्रमिक देने, जल जीवन मिशन के कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के बाद ही संबंधित फर्म को भुगतान करने, आरओबी व आरयूबी कार्यों, स्कूलों में लंबित ब्रॉडबैंड कनेक्शन, पेयजल एवं बिजली व्यवस्था सुचारू रखने, जल जीवन मिशन में सड़कों को अनावश्यक नुकसान नहीं पहुंचाने, एसबीएम फेज 2 में वेस्ट मैनेजमेंट करने, जेजेएम में निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे करने सहित विभिन्न मसलों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**चूरू, (कासं.)।** उपखंड अधिकारी बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं और आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने अधिकारियों से कहा कि आवश्यक सेवाओं को दुरुस्त रखें, जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें और विभागीय योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल, सीएमओ प्रकरण, पीएमओ प्रकरण, रात्रि चौपाल तथा जन सुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समय पर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। उक्त बैठक में तहसीलदार अशोक कुमार, विकास अधिकारी महेंद्र भार्गव, सीबीईओ ओमदत्त सहारण, पीडब्लूडी एसक्सईन बीएल सोनी, डिस्कॉम एक्सईएन वीएल सैनी, सीडीपीओ शिवराज सिंह, बीएसओ पूजा मीणा, ब्लॉक समाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह, पीए सुरेश कुमार, डॉ सुनिल आदि उपस्थित रहे।

# एपीजे कलाम की 93वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन हुआ

**झुंझुनू।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान द्वारा झुंझुनूं के एक रिसोर्ट में मिसाइल मैन एपीजे कलाम की 93वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने "कलाम तुझे सलाम" का नारा देते हुए कहा कि मिसाइल मैन को राष्ट्रपति बना कर भाजपा ने एक वैज्ञानिक का सम्मान किया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने कलाम को दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में रोड़े अटका कर महापाप किया था।झुंझुनू जिला प्रभारी और कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने युवाओं को कलाम से प्रेरणा लेने का आ ान किया और कहा कि शहीदों की धरती पर कलाम जयंती का आयोजन आने वाली पीढ़ी के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कलाम जयंती को सरकारी पर्व बनाए जाने की मांग की। कार्यक्रम में 21 प्रतिभाओं का और 51 वीरांगनाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में इस अवसर पर राजस्थान सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, सैनिक कल्याण बोर्ड के चेयरमैन प्रेम सिंह बाजोर, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, नरेंद्र खीचड़, पूर्व विधायक रणवीर गुड्डा, मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर मजीद मलिक कमांडो, जोसेफ जान हॉकिंग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मुमताज भाटी, पूर्व हज कमेटी अध्यक्ष फिरोज खान, प्रदेश प्रवक्ता के.के जानू,भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, संतोष अहलावत, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भाजपा झुंझुनू जिला अध्यक्ष बनवारी सैनी, पूर्व प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, कार्यालय सहप्रभारी रजनीश चनाना, मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रमजान चोपदार, मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, जंग बहादुर पठान, फारूक राणा, रमजान अब्बासी,कार्यक्रम संयोजक आसिफ खान जाज प्रदेश सह कोषाध्यक्ष ज़मेरदीन तेली,मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक ऋषभ जैन, जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, पूर्व सभापति खालिद, ताहिर कुरैशी, इमरान सवाई माधोपुर इत्यादि लोग सहित सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# बदमाशों का पुलिस को नहीं लगा सुराग

■ आरोपी का 3 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा

**पाटन, (निसं)।** 13 अक्टूबर की रात 9:00 बजे रायपुर- पाटन में दुकानदार शिव गौतम सिंह पुत्र बाबू सिंह की कनपटी पर गोली चलाने वाले तीसरे आरोपी का 3 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। इससे पहले 11 अक्टूबर की रात अंजलि क्रेशर पर पिस्तौल की नोक पर लूटपाट की गई थी उन आरोपियों का भी पाटन पुलिस कोई पता नहीं लगा पाई है। मंगलवार को पाटन पुलिस रायपुर-पाटन पहुंचकर घटनास्थल का नक्शा तैयार कर चुकी है, परंतु तीसरे आरोपी का पता पुलिस को नहीं लग पाया है। दुकानदार शिव गौतम सिंह की कनपटी पर तीसरे बदमाश द्वारा गोली चलाई गई थी, दो बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था परंतु तीसरा बदमाश मौके से फरार हो गया था, जिसकी लोकेशन अभी तक पुलिस नहीं निकाल सकी है। जिसके चलते क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

शिव गौतम सिंह के भाई कमल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे भाई के सर में सौलह टांके आए हैं। लादी का बास निवासी विक्की गुर्जर अपने दो साथियों सहित जिसमें सरजीत पुत्र सांवत राम व संदीप पुत्र रामनिवास दुकान पर आए तथा सामान का पैसा मांगते ही पहले अपनी पिस्तौल से फायर किया बाद में पिस्टल के बट से उसने सर में तीन-चार जगह मारी जिससे उसकी हालत खराब हो गई थी।

हालांकि ग्रामीणों ने दो अभियुक्तों को तो मौके पर ही पकड़ लिया था परंतु तीसरा अभियुक्त विक्की गुर्जर लादीकाबास मौके से फरार हो गया।भाई शिव गौतम को उपचार के बाद छुट्टी तो दे दी गई है परंतु अभी भी वह दहशत में है। मुल्जिमों की तलाश जारी है, इसके लिए टीम गठित कर लोकेशन निकाली जा रही है, तथा जगह जगह दबीश दी जा रही है। शिघ्र ही मुल्जिमों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## विधार्थियों को कराया भ्रमण

**रतनगढ़,(निसं)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा रतनगढ़ शहर में आमजन की सुविधा हेतु सीवरेज प्रणाली के विकास के लिये विभिन्न आधारभूत विकास कार्य के साथ ही इन कार्यों के प्रति आमजन की सहभागिता, सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी करवाये जाते है।

इसी क्रम में योगी श्री मकडी नाथ बाल शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विधालय के विधार्थियों को सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का भ्रमण कराया गया, जिसमे अधिशाषी अभियन्ता आर डी गर्ग, जूनीयर इन्जीनियर सुरेन्द्र, सपोर्ट इन्जीनियर अवधेश, एल एण्ड टी कम्पनी के पी एम ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी सहित प्लान्ट के कर्मचारियों द्वारा प्लान्ट का अवलोकन कराया गया। गलोबल हैडवासिंग डे के अवसर पर विधार्थियों को हाथ धोने के तरीक के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रवीण सिंह राठौड द्वारा किया गया।

# मिसाईल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई

**उदयपुरवाटी।** कस्बे में घूमचक्कर के निकट देश के पूर्व राष्ट्रपति मिसाईल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती सुनील तंवर की अध्यक्षता में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में युवाओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि मिसाईल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम देश के महान वैज्ञानिक थे, उन्होंने इसरो व डीआरडीओ में एक वैज्ञानिक के रूप में शामिल होकर देश को विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया। कलाम ने कई स्वदेशी मिसाइलों का निर्माण कर देश के अंतरिक्ष व रक्षा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में अभूतपूर्व कार्य किया है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन देश के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में सदैव याद रहेगा। विज्ञान के क्षेत्र में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनको देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। जयंती समारोह के अध्यक्ष सुनील तंवर ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन एक आदर्श शिक्षक, लेखक एवं वैज्ञानिक के रूप में महान व्यक्तित्व था, एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन विद्यार्थियों के प्रति पूर्णतः समर्पित होने पर उनकी जयंती को छात्र दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दौरान जयंती कार्यक्रम में कोमल सैनी, सुप्रिया सैनी, सुनील गुर्जर, सौरभ सैनी, अमित असवाल, कविता सैनी, मोना सैनी, अंकित स्वामी, अनिल सैनी, अशोक सैनी सहित कई मौजूद रहे।



देश के पूर्व राष्ट्रपति मिसाईल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती सुनील तंवर की अध्यक्षता में मनाई गई।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**

क्रमांकः- न.पा.रा./ कृ.भू./2024/ दिनांक :- 09.10.2024

प्रारूप-10

(नियम6(7)देखिए)

**लोक सूचना**

श्री विनोद कुमार पुत्र श्री भंवरलाल जाति सोनी निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन वाणिज्यक के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | पत्थर सं. | क्षेत्र |
| --- | --- | --- | --- |
| तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ | 24 DWD | 158/ 415(16) | किला नं. 18/5 की 0.0090 है., कुल तादादी 0.0090 है. |
| | | | योग 0.0090 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज............ को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)


# 'राजकीय विद्यालयों के खेल मैदानों से हटवाएं अतिक्रमण'

■ चूरू ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन किया गया

**चूरू, (कासं.)।** चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को चूरू ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं पीईईओ, यूसीईईओ के साथ शिक्षा विभाग की ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी ने राजकीय विद्यालयों में खेल मैदान पर वर्तमान में स्थित अतिक्रमण हटाने, पट्टा विहीन एवं खेल मैदान विहीन विद्यालयों को पट्टा जारी करने तथा पालनहार योजना के अंतर्गत पंजीकृत विद्यार्थियों का सत्यापन करवाने सम्बंधी निर्देश दिए। निष्पादन समिति के सह अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सहारण ने सभी संस्था प्रधानों को विद्यालय परिसर स्वच्छ रखने, विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने एवं नशा मुक्ति, तंबाकू व धूम्रपान निषेध के संबंध में विभाग द्वारा जारी सभी 9 इंडिकेटर्स की पालना करने एवम तंबाकू मुक्त विद्यालय के साइन बोर्ड लगाने, भंडार का भौतिक सत्यापन करने, ब्लॉक रैंकिंग, यू डाइस पोर्टल अपडेशन, राज सिम्स पोर्टल पर एमडीएम डाटा फीडिंग, स्मार्ट क्लास रूम का प्रयोग, पौधारोपण अभियान के तहत किए गए पौधों की उचित सार-संभाल करने बाबत निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार सोनी ने ज्ञान संकल्प पोर्टल, आईएफए पिंक एवम ब्लू टैबलेट वितरण की प्रविष्टि शाला दर्पण पर करने एवम मध्यावधि अवकाश से पूर्व सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालय की पुस्तकें आवंटित करने बाबत निर्देश दिए। आरपी श्याम सुन्दर पूनिया ने एनईएस सर्वे 2024, कक्षा कक्षों के आगे डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवम आईसीटी लैब का सतत उपयोग करने बाबत निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार चूरू अशोक कुमार गोरा, विकास अधिकारी महेंद कुमार भार्गव, सीडीपीओ शिवराज सिंह, पीएचईडी एईएन अविनाश काजला, बीसीएमओ जगदीश सिंह भाटी, क्षेत्रीय वन आधिकारी पवन शर्मा, सानिवि एक्सईएन बी एल सोनी, डिस्कॉम वी एल सैनी आदि मौजूद रहे।

## विकास अधिकारी का हुआ तबादला

**पाटन।** राज्य सरकार के राजस्व मंडल की तरफ से पाटन तहसीलदार मुनेश सर्वा और पंचायती राज विभाग की ओर से पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामचंद्र सैनी का तबादला अन्यत्र कर दिया गया है। अब सरकार ने उनके स्थान पर पाटन तहसीलदार सुभाष चंद्र व पंचायत समिति विकास अधिकारी कविता जसोरिया को लगाया गया है।ज्ञात रहे पंचायत समिति की विकास अधिकारी कविता जसोरिया को नागौर जिले के परबतसर पंचायत समिति से पाटन पंचायत समिति में नियुक्त किया गया है, वहीं तहसीलदार सुभाष चंद्र को झुंझुनू जिले के मंडावा तहसील से पाटन तहसील में नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि पाटन उप तहसील को तहसील में क्रमोन्नत होने के बाद प्रथम तहसीलदार के रूप में मुनेश सर्वा की नियुक्ति की गई थी, अब इनका तबादला जोधपुर के बिलाड़ा तहसील में किया गया है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया शक्ति दिवस

■ महिला एवम बाल विकास विभाग के जिला उपनिदेशक ने नयाबास के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

**पाटन।** महिला एवम बाल विकास विभाग के जिला उपनिदेशक संजय चेतानी ने नयाबास के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया,जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रनयाबास ए पर कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद मिली। केंद्र पर शाला पूर्व शिक्षा हेतु पंजीकृत 14 में से आठ बच्चे विभिन्न गतिविधियां करते हुए मिले।

चेतानी ने कहा कि केंद्रो पर सेनेटरी नैपकिन और पूरक पोषाहार प्राप्त हो चुका है, लाभार्थियों में शीघ्र वितरण किया जाए। विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं- प्रधान मंत्री मातृ वंदन योजना और इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभर्थियों को योजना का लाभ दिया जाने हेतु निर्देशित किया गया।नयाबास केंद्र पर स्वच्छता का अभाव मिला जिसे देखकर सहायिका रुक्मिणी देवी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।केंद्र पर आज चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत शक्ति दिवस कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को 6 माह से 59 माह तक के बच्चों,किशोर- किशोरियों विवाहित गर्भवती एवं धात्री माता को आयरन की गोलियां एवं सिरप दी जाती है। जिला उपनिदेशक संजय चेतानी के द्वारा आयरन सिरप पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मगरासर पंचायत समिति सुजागनढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- ग्रा.प./म./2024-25/206-12 दिनांक 14.10.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या- 02/2024-25**

ग्राम पंचायत मगरासर में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (नरेगा, RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2024-25 हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की गयी है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 50.00 लाख है। जिसकी प्रतिभूति राशि के रूप में अनुमानित लागत राशि का 50.00 लाख का 2% से 1 लाख की सरपंच ग्राम पंचायत मगरासर के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी। इच्छुक जी.एस.टी पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेब साइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा दिनांक 15.10.2024 को 5.00 P.M. से दिनांक 24.10.2024 को 11.00 am तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मगरासर, पंचायत समिति, सुजानगढ़ ( चूरू )

संतोष मेघवाल, सरपंच, ग्राम पंचायत मगरासर, पंचायत समिति, सुजानगढ़ ( चूरू )



**NAME CHANTE**

By mistake, Tabsum Bano was wrongly registered in the passport of my daughter. Whereas in all other documents the correct name of my daughter is Tabbasum Bano. In future, my daughter's name should now be considered as the correct name Tabbasum Bano.

Ramajan Khan son of Aladin KhanAddress- Ward No.- 7 Village Shimla Tehsil Bhanipura District-Churu.Pin code-331403



**कार्यालय तहसीलदार भू.अ. भानीपुरा (चूरू)**

क्रमांक-भू.अ./2024/6140 दिनांक 15.10.2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भीखनाथ, हरूनाथ पुत्रगण कालूनाथ जाति नाथ (जोगी) निवासी सावर तहसील भानीपुरा अमरनाथ पुत्र कालूनाथ जाति नाथ (जोगी) निवासी सारायण तह. तारानगर एवं संतोष देवी पत्नी गणेशनाथ जाति नाथ (जोगी) निवासी जोगिया बस्ती उच्छरगदेसर तह. लूणकरणसर द्वारा एक प्रार्थना पत्र पेश कर निवदेन किया है कि रोही ग्राम सावर के खसरा संख्या न. 450 तादादी 5.68 हैक्टेयर हिस्सा सम्पूर्ण एवं खसरा न. 138,181 कुल तादादी 6.60 हैक्टेयर हिसा 2/3 भूमि कालूनाथ पुत्र मखननाथ जाति नाथ निवासी सारायण तह. तारानगर के नाम खातेदारी दर्ज है। खातेदार कालूनाथ ने उक्त भूमि की वसीयत दिनांक 14.03.2011 को स्टाम्प पर निष्पादित कर नोटेरी पब्लिक से प्रमाणित करवाई थी। वसीयतकर्ता का देहांत दिनांक 19.05.2011 को हो गया। प्रार्थीगण उक्त वसीयत के आधार पर उपरोक्त चारों के नाम नामान्तरकरण दर्ज व तस्दीक करवाना चाहते है। इसलिए इस आम सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि उक्त बाबत किसी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह अपना ऐतराज मय सबूत साक्ष्य इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में पेश करे। बाद गुजरने मियाद कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा।

तहसीलदार भू.अ.भानीपुरा


## मेडिकल प्रोजेक्ट का शुभारम्भ

**रतनगढ़,(निसं)।** राजकीय संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में उदारमना भामाशाहों का योगदान सराहनीय है उक्त विचार जिला कलक्टर चूरू अभिषेक सुराणा ने श्री गांधी बाल निकेतन के मेडिकल इक्विपमेंट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ करते हुए अभिव्यक्त किए। प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में स्थानीय सेठ सूरजमल जालान राजकीय जिला चिकित्सालय में भामाशाह अरुण अजीतसरिया एवं हर्ष अजीतसरिया द्वारा अपने किशनदयाल रामेश्वर चैरिटी ट्रस्ट के माध्यम से स्थापित हड्डियों के ऑपरेशन से जुड़ी मशीनरी व नवीनीकृत ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया। गांधी बाल निकेतन के प्रांगण में सोमवार शाम आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सरकार की विविध जन कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाने में जन सहयोग की बहुत बड़ी भूमिका है, पर्यावरण संरक्षण के लिए सजगता का संदेश देते हुए उन्होंने शहर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने के लिए आगे आने का आ ान किया। प्रोजेक्ट सूत्रधार गांधी बाल निकेतन सचिव राजीव उपाध्याय ने भामाशाहों के सहयोग से निकेतन के नेतृत्व में शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में संचालित परियोजनाओं की जानकारी देते हुए कार्य विवरण प्रस्तुत किया।

# जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार में लाइब्रेरी का उद्घाटन

■ कार्यक्रम में मुख्य न्यासी बसंत पारख ने विद्यालय में संचालित अन्य गतिविधियों व कक्षाओं का निरीक्षण किया

**चूरू, (कासं.)।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में नवनिर्मित वातानुकुलित कम्प्यूटर लैब कम लाईब्रेरी का उद्घाटन संचालक न्यास के मुख्य न्यासी बसंत कुमार पारख, विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद जांगिड़, छात्रा पूर्वा व प्रियांशी ने फीता काटकर किया। इस दौरान कक्षा 7वीं की बालिकाओं ने विभिन्न संगणकों का प्रथम अभ्यास किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य न्यासी बसंत पारख व विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय शर्मा ने भगवान गणेश के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए।

वहीं कक्षा 8वीं की छात्राओं ने संगीतमय गणेश वंदना की प्रस्तुति देकर माँ सरस्वती को रिझाया। इस अवसर पर छात्राओं ने तिलकार्चन कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में मुख्य न्यासी बसंत पारख ने विद्यालय में संचालित अन्य गतिविधियों व कक्षाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों. कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि नवनिर्मित वातानुकुलित कम्प्यूटर लैब कम लाइब्रेरी में 47 कम्प्यूटर लगाए गए हैं और छात्र-छात्राओं हेतु पाठ्यक्रम एवं गैर पाठ्यक्रम आधारित विभिन्न पुस्तकों की भी व्यवस्था की गई है, जहां वे संगणक अभ्यास के साथ-साथ अध्ययन भी कर सकते हैं। इस अवसर पर रवीन्द्र सिंह शेखावत, लेखाकार सुरेश शर्मा, उप प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद धुआं, इंतजार अली, आदिल खान, भवानी सिंह, मुदित शर्मा, कल्पना जांगिड़, ज्योति मेड़तिया व दुर्गा तंवर उपस्थित थे।



जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में नवनिर्मित वातानुकुलित कम्प्यूटर लैब कम लाईब्रेरी का उद्घाटन संचालक न्यास के मुख्य न्यासी बसंत कुमार पारख ने किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मुरडाकिया पंचायत समिति सुजागनढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- ग्रा.प./ मु./2024-25/5-12 दिनांक 14.10.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या- 02/2024-25**

ग्राम पंचायत मुरडाकिया में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं (RD सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2024-25 हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की गयी है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 60.00 लाख है। जिस की प्रतिभूति राशि के रूप में अनुमानित लागत राशि का 60.00 लाख का 2% से 1.20 लाख की सरपंच ग्राम पंचायत मुरडाकिया के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी। इच्छुक जी.एस.टी पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेब साइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा दिनांक 15.10.2024 को 5.00 P.M. से दिनांक 24.10.2024 को 6.00 PM तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

UBN No- ZCR2425GLOB01006

NIB No-ZCR2425A0497

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मुरडाकिया, पंचायत समिति, सुजानगढ़ ( चूरू )

गणपति देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत मुरडाकिया, पंचायत समिति, सुजानगढ़ ( चूरू )